एक वित्तीय सलाहकार चुनना

आपको एक संभावित सलाहकार से क्या पूछना चाहिए:

- **उनकी योग्यताएं** - वे कहाँ पंजीकृत हैं? उनके पास क्या पदनाम (designation) हैं?
- **उनका अनुभव** - वे कब से सलाहकार के रूप में काम कर रहे हैं? क्या उनके पास विभिन्न प्रकार के उत्पादों में अनुभव है या वे कुछ में विशेषज्ञ हैं?
- **उनके उत्पाद और सेवाएँ** - वे किस प्रकार के उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करते हैं? क्या उन उत्पादों या सेवाओं की उपलब्धता की कोई सीमा है जो वे पेश कर सकते हैं?
- **उनकी फीस** - उन्हें कैसे भुगतान किया जाता है - वेतन, कमीशन, शुल्क या एक संयोजन? क्या वे हर बार बिक्री शुल्क या कमीशन प्राप्त करते हैं जब उनका ग्राहक निवेश बेचता या खरीदता है?
- **उनका निवेश दृष्टिकोण** - क्या वे निवेश खरीदते हैं और रखते हैं या अकसर ट्रेड करते हैं? क्या वे विशेष उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हैं या एक समग्र नज़रिया लेते हैं?
- **उनकी संचार शैली** - वे कितनी बार आपसे संपर्क करेंगे या आपसे मिलेंगे? आप कितनी बार एक साथ आपके निवेशों की समीक्षा करेंगे?
- **उनके ग्राहक** - क्या वे आपके समरूप हैं? क्या आप कुछ ऐसे ग्राहकों से संपर्क कर सकते हैं जिनके साथ उन्होंने 5 वर्षों से अधिक के लिए काम किया है?

आपके द्वारा सलाहकार चुन लिए जाने के बाद, इनके बारे में चर्चा करने के लिए तैयार रहें:

- **आपके वित्तीय लक्ष्य** - आप किस चीज़ के लिए बचत करना या निवेश करना चाहते हैं? आपको कब धन की आवश्यकता होने का अनुमान है?
- **आपकी वित्तीय परिस्थितियां** - आपकी आय, रोजगार की स्थिति, निवल संपत्ति क्या है? आपके पास बचत या निवेश करने के लिए कितना पैसा है?
- **आपकी जोखिम सहनशीलता** - आप कितना जोखिम उठाने में सहज महसूस करते हैं? क्या आप संभावित रूप से उच्चतर रिटर्न के बदले अपना कुछ या सारा पैसा खोने में सहज होंगे?
- **निवेश निर्णयों पर आपका नियंत्रण** - आप स्वयं के निवेशों के प्रबंधन में कितनी सहभागिता चाहते हैं?
- **आपकी लागत** - निवेशों पर लागू होने वाली लागतें और शुल्क क्या हैं? सलाहकार और उनकी फर्म को भुगतान कैसे किया जाता है?

GetSmarterAboutMoney.ca पर और जानें

Ontario Securities Commission
20 Queen St. W., 22nd Floor, Toronto, Ontario M5H 3S8
Tel: 1-877-785-1555 **Email:** inquiries@osc.gov.on.ca